तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025

13 सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : मटीयारा


14 इस्पात निर्माता के रूप में यात्रा का निर्णायक क्षण : मुखर्जी




## खबर संक्षेप

### कमिश्नर लेंगे अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों में संचालित कार्यों के संबंध में संभागीय स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 17 अप्रैल को समय 12 बजे कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में एजेण्डा की अद्यतन जानकारी के साथ सम्बन्धित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### 6 दिवसीय अटल टिंकरिग कार्यशाला का समापन



**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल के नेतृत्व मे प्राचार्य विनीता बेंजामीन के संचालन में प्रभारी अटल टिंकरिग गीता मूर्ति के देखरेख मे छह दिवसीय अटल टिंकरिग कार्यशाला का समापन हुआ। इसमें ब्रीफ इंट्रोडक्शन, अबाउट आर्डिनो प्रोगामिंग, थ्री डी प्रिंटर, आटोमेटीक डोर, रेन ड्राप सेंसर, स्मार्ट डस्टबिन, ब्लूतूथ कार का निर्माण किया गया। जिससे बालकों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं विज्ञान के प्रति लगाव उत्पन्न हुआ। जिसके दूरगामी परिणाम उनके जीवन को वैज्ञानिक सोच से भर कर विज्ञान के लिये एक उचित माहौल तैयार करेगा। इस अवसर पर व्यख्याता अनिल शुक्ला द्वारा वैज्ञानिक सोच पर आधारित कविता का पाठ किया गया, जिसका जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने प्रशंसा किया।



## माल वाहक पिकअप पर क्षमता से अधिक ढो रहे थे सवारी

**खास बातें**
- 4 पिकअप वाहनों पर की गई कार्यवाही
- 16500 रुपए का समन शुल्क लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

यातायात पुलिस ने आज बाईपास चितालंका में एमसीपी लगाकर माल वाहक पिकअप वाहनों में पैसे का लालच में सवारी ढुलाई का कार्य करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये यातायात पुलिस के द्वारा 16500 हजार पांच सौ रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, प्रआर सम्पत लाल कोशमा, विरेन्द्र एक्का, आरक्षक-वेद प्रकाश राजपूत, ओम प्रकाश वट्टी, वाहन चालक वीरेंद्र वर्मा एवं यातायात दंतेवाड़ा का अन्य स्टॉफ मौजूद रहे। ज्ञात हो कि माल वाहक वाहनों द्वारा सवारी बैठा कर ले जाने से लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और दुर्घटना मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, आरके बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसरउल्लाह सिद्दकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है साथ ही सभी माल वाहक वाहन चालकों एवं मालिकों को समझाईश भी दी जा रही है।

### सुरक्षा : कर्मचारी चुनौतियों के बीच सफलतापूर्वक कर रहे कार्य

# जंगल में लगी आग पर सेटेलाइट से वन विभाग रख रहा नजर, पा रहे काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जंगलों को आग से बचाने इन दिनों आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल वन विभाग द्वारा करते हुए आग पर काबू पाया जा रहा है। जंगल में लगी आग की जानकारी सेटेलाईट के जरिए लगने के बाद तत्काल वन विभाग के योद्धा मोर्चा संभालते हुए चुनौतियों के बीच आग पर काबू पा रहे है।

- आग पर काबू पाने आधुनिक टेक्निक वाली मशीनें बन रही सहायक

वनों को आग से बचाने के स्लोगन आपने अक्सर दीवारों पर लिखे देखे होंगे और पढ़े होंगे। बावजूद इसे हकीकत में बदलने वाले योद्धाओं की कहानी अलग है जो चुनौतियों के बीच जाकर जलते वनों को बचाने के लिए डटे हुए हैं।

जब जंगल जल रहा हो तब वे ये भी नहीं सोचते हैं कि जंगलों में नक्सलियों का खौफ हो सकता है या नक्सलियों के लगाए आईडी और





**महुआ बीनने और आखेट के लिए आगे लगाने की परंपरा**

बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित व पहुंच विहीन क्षेत्र नेशनल पार्क में पहाड़ एवं दुर्गम रास्तों की वजह से जंगल में लगी आग की जगह तक पहुंच पाना मुश्किल होता है। लेकिन वर्तमान में सेटेलाइट के जरिए हम आग लगने वाले स्थानों को चिन्हांकित कर आग पर काबू पा रहे है।

**संदीप बल्गा**
डिप्टी डायरेक्टर
इंद्रावती रिजर्व फारेस्ट एरिया।

स्पाइक होल का वे शिकार हो सकते हैं। वे बस बहादुरी के साथ जंगलों को बचाने निकल पड़ते हैं।

हम बात कर रहे है इन्द्रावती नेशनल पार्क इलाके का जहां पहाड़ एवं दुर्गम रास्तों की वजह से जंगल में लगी आग की जगह तक पहुंच पाना मुश्किल होता है। इन इलाकों में ग्रामीणों में जागरूकता में कमी और महुआ बीनने, शिकार (आखेट) पारंपरिक तौर पर आग लगाने का चलन है। ग्रामीणों को जागरुकता कार्यक्रमों के द्वारा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समय-समय पर आग नहीं लगाने के लिए समझाया जाता है। वर्तमान में इलाके में लगी आग का पता आधुनिक तकनीक व सेटेलाइट से पता चल जाता है। जंगल में आग किस इलाके में आग लगी है इसे चिन्हांकित करने या उसका पता लगाने के लिए वन विभाग किसी ग्रामीण के शिकायत का इंतजार नहीं करता बल्कि अब सीधे सेटेलाइट से कनेक्ट हो चुका वन विभाग मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने कार्वाई शुरू कर देते है। सेटेलाइट के माध्यम से वन विभाग के अफसर इस बात का पता लगाते हैं कि, जिले में किस जंगल में और किस दिशा में आग लगी है। उसके आधार पर अधिकारी उस इलाके में तैनात वनरक्षक और फायर वाचर्स को इसकी सूचना देते हैं जिसके बाद जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए विभाग द्वारा दिए गए मशीन के जरिए वे उस जगह तक पहुंचते हैं और आग को बुझाने में सफल हो पाते हैं।

## मोटर सायकिल और स्कूटी चोरी करने वाले चोर पकड़ाए



**दंतेवाड़ा।** पुलिस ने मोटर सायकल व स्कूटी चोरी करने वाले चोरों को पकड़ लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

आलोक बैनर्जी एवं खकेन्द्र साउथ ने थाना में एक-एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अप्रैल एवं 14 अप्रैल के मध्य रात्रि में चोर द्वारा प्रार्थी आलोक बैनर्जी का मोटर सायकल ओआर 10 ई 9041 एवं मंदिर में रखे 4000 रूपए तथा प्रार्थी खकेंद्र के स्कूटी सीजी 18 एल 1516 को चोरी कर ले गया है।

15 अप्रैल को मुखबीर की सूचना पूर्व आदतन चोर सुरेन्द्र अपने साथियों के साथ संदिग्ध अलग-अलग वाहनो में घूम रहे है जिसकी तस्दीक पर थाना बचेली पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ किया जो आरोपी सुरेन्द्र अलामी 21 वर्ष छन्नूपारा व उसका बड़ा भाई राजू अलामी 24 वर्ष छन्नूपारा व साथी राहुल ध्रुव उम्र 24 आरईएस कालोनी ने रेल्वे कालोनी के सांई मंदिर में दानपेटी व हीरो होण्डा मोटर सायकल व बहादुर पारा बचेली से सुजूकी स्कूटी को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से चोरी के 24 घंटे के भीतर सारे सामान बरामद लिया गया। पूर्व में भी इनके विरूद्ध चोरी व नकबजनी के अपराध दर्ज हुये है जिसमें जेल जा चुके है। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# योग शिविर को लेकर सिंधु भवन में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय सिंधु सभा एवं पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में 10 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर सिंधु भवन में होना हैं। इस योग शिविर में आसाध्य रोग एवं जटिल बीमारियों का घरेलू इलाज भी बताया जाएगा। सिंधु भवन में होने जा रहे निःशुल्क योग शिविर के साथ प्रतिदिन जांच व उपचार भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम संबंधित बैठक सिंधु भवन में आहूत की गई जहां आयोजन समिति गठित की गई, जिसमें इस महत्वपूर्ण योग शिविर के संरक्षक उधाराम मूलचंदानी, गोवर्धन दास नवतानी, राजाराम नवतानी, कैलाश दंडवानी, पुष्पा मनवानी, चंद्रा देवी नवतानी, अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, उपाध्यक्ष दीपक वासवानी, सचिव किशोर मनवानी, सहसचिव विजय बसंतवानी, कोषाध्यक्ष बृजलाल नागवानी स्वागत समिति संजय नात्थानी, विशाल दूल्हानी, डुला लछवानी, रविंद्र हेमनानी, प्रिया नवतानी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं देंगे। भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष मनीष ने बताया कि इस निःशुल्क योग शिविर को पतंजलि योग समिति के योगगुरु डॉ. मनोज पानीग्राही और सहयोगियों द्वारा संचालित होगा। सिंधु भवन में एवं शिविर 10 दिवसीय होगा जो 21 अप्रेल से 30 अप्रेल तक योग शिविर होगा समय प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे तक होगा।

## आटो पलटने से 3 गंभीर रूप से घायल

**दंतेवाड़ा।** मुशकेल ढलान में ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से 3 लोगों को गंभीर चोटें आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा के गादीररास से मुशकेल पटेलपारा अपने परिजनों से मिलने गए 10 से 11 ग्रामीण वापस जा रहे थे। मुशकेल ढलान में अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गई, जिसमें 3 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें गंगाराम शोरी उम्र 45 को चेहरे और सर में, हडमाराम शोरी उम्र 42 को पैर हाथ और कमर में और सीताराम उम्र 28 को घुटने में चोट आई है।



- मुशकेल ढलान में ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी

मुशकेल पटेल पारा से दंतेवाड़ा जा रहे राहगिरों ने संजीवनी 108 को सूचना दी, संजीवनी के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्यामलाल कश्यप और ईएमटी पुरोहित सिंह तत्काल स्पॉट पर पहुंचकर मरीजों का प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में एडमिट किया गया।

### सुरक्षा घेरा तोड़कर उतरे सड़क पर

# कलेक्टोरेट के बाहर कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग मुख्यालय में दो दिनों तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर में विकास कार्य का रोड मैप तैयार करने 15-16 अप्रैल को दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर जगदलपुर में कैम्प किया। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देवसिंह, सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, छग शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी मौजूद थे। प्रदेश शासन के वीआईपी के कलेक्टोरेट में उपस्थित होने के बाद भी कांग्रेसी कलेक्टरेट पहुंचने में सफल रहे और विरोध प्रदर्शन किया।

बुधवार को मुख्यमंत्री दूसरे दिन बस्तर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। इधर कांग्रेसी कलेक्टरेट के मुख्य द्वार के बाहर वापस जाओ के प्रदर्शन के साथ नारेबाजी कर रहे थे। विदित हो कि एक दिन पहले ही विरोध को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने घोषणा की थी। जिसे ध्यान में रखकर बुधवार पूर्वान्ह 10 बजे से भारी पुलिस सुरक्षा बल और कांग्रेसियों को गिरफ्तार करने तीन बस व ट्रक वाहन के साथ टीआई स्तर के चार अधिकारी व बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष पुलिस जवान तैनात कर कांग्रेस भवन के तीनों दिशाओं को छावनी में तब्दील किया था। पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे बस्तर जिला कांग्रेस कनेटी ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला,शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी के नेतृत्व में दर्जनों महिला एवं पुरुष कांग्रेसी कांग्रेस भवन से हाथों में बैनर लेकर जमकर नारेबाजी करते बाहर निकले। कुछ ही दूर चले कि पहले से भारी संख्या में तैनात पुलिस बल कांग्रेसियों को बलपूर्वक गिरफ्तार कर पुलिस वेन में बिठाने लगे। इस बीच पुलिस और कांग्रेसियों के मध्य आधा घण्टे से अधिक ▶▶| शेष पेज 12 पर



### लगभग तीन दर्जन कांग्रेसियों को गिरफ्तार किया गया

कलेक्टोरेट के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेसियों को रोकने सबसे पहले यातायात प्राभारी जैन,एसडीओपी ईश्वर द्विवेदी पहुंचे। कुछ देर बाद कोतवाली टीआई शिवानंद सिंह और निरीक्षक दिलबाग सिंह कुछ महिला व पुरुष जवान पहुंच विरोध प्रदर्शन कर रहे युवा और महिला कांग्रेसियों को बलपूर्वक गिरफ्तार करते पुलिस वाहन में थाना लेकर गए। इधर कांग्रेस भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे पूर्व विधायक रेखचन्द जैन,ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला,शहर जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य व लगभव 40 कांग्रेसियों को बस्तर थाना ले गए। इधर एक अन्य वाहन से पार्षद जाहिद व गौतम पाणिग्राही,अतिरिक्त शुक्ला,कमलेश पाठक,अनुराग महतो,महिला कांग्रेसियों को परपा थाना जबकि युवा कांग्रेसियों को बोधघाट थाना लाया गया। मुख्यमंत्री जाने के बाद सभी गिरफ्तार किए गए कांग्रेसियों को दोपहर 3 बजे रिहा किया गया।



